**Regarding PM Poshan Yojana in Bihar**

श्री मनोज कुमार **(सासाराम):** माननीय सभापति महोदया, आपने मुझे एक अति महत्वपूर्ण विषय को उठाने का मौका दिया है, इसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूँ।

मैं आपके माध्यम से, सरकार से निवेदन करना चाहता हूँ कि प्रधानमंत्री पोषण योजना के अंतर्गत 2 लाख 45 हजार रसोइए बिहार में काम कर रही हैं। सभी रसोइयों से छ: से सात घंटे काम कराए जाते हैं। यहाँ तक कि रविवार और छुट्टियों के दिनों में भी उनको बुलाकर काम कराए जाते हैं। इनको केन्द्र सरकार की ओर से एक हजार रुपए और राज्य सरकार की ओर से 650 रुपए मिलते हैं यानी कुल मिलाकर इन लोगों को केवल 1650 रुपए वेतन के रूप में मिलते हैं। मैं कहना चाहता हूँ कि वेतन के रूप में इनको न्यूनतम राशि 10 हजार रुपये मिलना चाहिए। 65 साल तक इनकी नौकरी होनी चाहिए। इनको 10 महीने का ही सैलरी दिया जाता है, जो कि पूरे 12 महीने तक दिया जाना चाहिए।